राजस्थान सरकार

शिक्षा–विभाग

निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 7(4)अकाद/निकाशि/छात्रसंघ चुनाव/2012/237 दिनांकः 14 अगस्त, 2013

समस्त जिला कलक्टर,
राजस्थान।

विषय– महाविद्यालयों में होने वाले छात्रसंघ चुनाव 2013 बाबत।

महोदय,

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2013–14 के छात्रसंघ चुनाव दिनांक 24.08.2013 को समपन्न करवाये जाने का निर्णय लिया है। छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया दिनांक 16.08.2013 से प्रारम्भ होकर दिनांक 24.08.2013 को मतदान के पश्चात् परिणाम जारी करने के साथ समाप्त होगी। महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव सौहार्द्धपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करवाने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला प्रशासन का सहयोग वांछनीय है। बिना जिला प्रशासन के सहयोग के निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण छात्रसंघ चुनाव सम्पन्न करवाना सम्भव नहीं है।

अतः अनुरोध है कि आपके जिले में स्थापित समस्त महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव के दौरान सौहार्द्धपूर्ण वातावरण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में स्थानीय प्रशासन को महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ यथासम्भव सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित करने का श्रम करावें।

भवदीय,

(नवीन जैन)
निदेशक

क्रमांकः एफ 7(4)अकाद/निकाशि/छात्रसंघ चुनाव/2012/237 दिनांकः 14 अगस्त, 2013

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. समस्त जिला पुलिस अधीक्षक, राजस्थान।
2. पुलिस कमिश्नर, जयपुर/जोधपुर
3. संयुक्त–सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. समस्त प्राचार्य, राजकीय/अराजकीय महाविद्यालय, राजस्थान। कृपया दिनांक 24.08.2013 को मुख्यालय नहीं छोड़े एवं छात्रसंघ चुनाव के लिए आवश्यक सहयोग हेतु जिला कलक्टर/ जिला पुलिस अधिक्षक से व्यक्तिशः सम्पर्क में रहें ताकि चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाये जा सके।
5. डॉ0 धीरेन्द्र देवर्षि, व्याख्याता, बेवसाईट प्रभारी, निदेशालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर ।

निदेशक,
कॉलेज शिक्षा, राज0, जयपुर